प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

09.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

ट्रामा सेंटर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज आई जी एम सी शिमला में ट्रामा सेंटर का उद्घाटन करेंगे। यह हिमाचल का पहला ट्रामा सेंटर होगा। आई जी एम सी के न्यू ओ पी डी भवन में ट्रामा सेंटर स्थापित किया गया है और ये आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। प्रशासन ने ट्रामा सेंटर शुरू करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल शिमला में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को 13 से 19 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कुल्लू प्रशासन को दशहरा मेले में भाग लेने वाले देवी–देवताओं के लिए उचित प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दल कुल्लू दशहरे का मुख्य आकर्षण होंगे और आयोजन में लगभग 20 अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दलों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा अन्य राज्यों के कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश के सांस्कृतिक दलों को भी मेले में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत तीन सौ गृहरक्षक और 8 सौ 70 पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे।

खेलकूद प्रतियोगिता

उपायुक्त कार्यालय कर्मचारियों की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इस बार चंबा जिला में होने जा रहा है यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आयोजन से संबंधित तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उपायुक्त ने बताया कि 24 से 26 अक्टूबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों की टीमें भाग लेंगी। मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में खेलकूद गतिविधियों के अलावा संस्कृत गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा समस्त विभागीय अधिकारियों को संबंधित प्रबंध करने के लिए निर्देश दिए गए।

आरबीआई–छात्रवृत्ति योजना

भारतीय रिजर्व बैंक ने शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए एक छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। योजना के तहत भारत में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी या ए आई सी टी ई–मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय या कॉलेज में अर्थशास्त्र या वित्त विषय पढ़ाने वाले पूर्ण कालिक संकाय सदस्य अल्पकालिक शोध के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। इस योजना का उद्देश्य आर बी आई के भीतर विभिन्न परिचालन क्षेत्रों का अनुभव प्रदान करते हुए संकाय और छात्रों के बीच आर बी आई की गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 नवम्बर है। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र और अधिक विवरण आर बी आई की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के आज मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य धार्मिक स्थलों में श्रद्धालु सुबह से ही शीश नवा रहे हैं। नवरात्र के उपलक्ष्य में सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है और धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि बीते कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में आज भी बारिश होने की संभावना है। हालांकि अन्य क्षेत्रों में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान पर **पंजाब केसरी** ने लिखा है **कुल्लू दशहरे में देवी–देवताओं के लिए उचित प्रबंध सुनिश्चित करें अधिकारी। दैनिक जागरण** का शीर्षक है **कुल्लू दशहरा में आएंगे रूस और अमेरिका के सांस्कृतिक दल। दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा 13 से, रूस समेत 20 सांस्कृतिक दल देंगे प्रस्तुति। दिव्य हिमाचल** के अनुसार **हिमाचल के अधिकार नहीं रोक सकती केंद्र सरकार। अमर उजाला और आपका फैसला** का एक जैसा शीर्षक है **सीएम ने गोद लिया मोनाल, कहा वन्य जीवों के संरक्षण के लिए बनाएंगे नीति।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है **पूर्व भाजपा प्रत्याशी राकेश चौधरी का जहरीला पदार्थ निगलने से निधन। दिव्य हिमाचल** की सुर्खी है **धर्मशाला से पूर्व भाजपा प्रत्याशी राकेश चौधरी की संदिग्ध मौत। पंजाब केसरी** ने लिखा है **जहरीला पदार्थ निगलने से पूर्व भाजपा नेता राकेश चौधरी की मौत, पत्नी उपचाराधीन।**

युनूस निदेशक उद्योग व भाटिया को निदेशक पर्यटन का जिम्मा शीर्षक से **पंजाब केसरी** ने लिखा है 8 आई ए एस व एक आई एफ एस के तबादला आदेश जारी।

प्रदेश में 1 लाख 80 पेंशनरों के खाते में आज आएगी पेंशन दैनिक भास्कर की एक खबर है।

दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है **गोबिंद सागर झील में उपायुक्त ने किया शिकारा बोट का ट्रायल रन।**